हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 7 नवंबर 2026

11 नहरी पानी में कटौती बर्दाश्त नहीं बंजर हो जाएगी जमीनें : विष्णु दत्त



12 दीपोत्सव के रंगों में निखरी विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा



महंगे सोने-चांदी के बावजूद आभूषणों और चांदी के सिक्कों की खूब हुई बिक्री

धनतेरस पर बाजारों में धनवर्षा, 22 करोड़ तक के कारोबार का अनुमान



फतेहाबाद। बर्तनों की दुकान पर उमड़ी भीड़। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। विशाल ज्वैल्स पर खरीददारी करते ग्राहक। फोटो : हरिभूमि



फतेहाबाद। जवाहर चौक में पुलिस द्वारा की गई बेरिकेडिंग। फोटो : हरिभूमि

- सर्राफा बाजार से ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम तक रही रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

धनतेरस पर शनिवार को फतेहाबाद के बाजारों में खरीदारी का ऐसा उत्साह नजर आया कि महंगाई और सोने-चांदी के आसमान छूते भाव भी लोगों के कदम नहीं रोक पाए। सुबह से शुरू हुई खरीदारी का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। बाजारों में उमड़ी भीड़, शोरूम के बाहर ग्राहकों की कतारें और वाहनों की डिलीवरी लेते लोग त्योहार के बाजार की रौनक बयां कर रहे थे। व्यापारियों के अनुसार, इस बार धनतेरस पर जिले में करीब 20-22 करोड़ रुपये तक का कारोबार होने का अनुमान है। हालांकि, यह व्यापारियों का प्रारंभिक आकलन है। सबसे ज्यादा कारोबार ऑटोमोबाइल, सर्राफा और बर्तन बाजार में देखने को मिला। इस बार सोने और चांदी के दामों में धरतेरस पर गिरावट रही है लेकिन अब भी सोना-चांदी महंगा होने के बावजूद लोगों का आभूषणों और कीमती धातुओं की खरीदारी के प्रति उत्साह कम नहीं हुआ। सोने के आभूषणों के साथ चांदी के सिक्कों और अन्य सामान की भी खूब बिक्री हुई। वहीं, बर्तन बाजार में ग्राहकों की भीड़ का आलम यह था कि कई दुकानों पर पैर रखने तक की जगह नहीं बची। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के शोरूम में भी पहले से बुकिंग करवाने वाले ग्राहक अपनी गाडिय़ों की डिलीवरी लेने पहुंचे।

फ्रिज व वाशिंग मशीन की भी बनी रही मांग

अनाज मंडी स्थित विशाल टीवी केयर सहित शहर के इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में भी धनतेरस पर ग्राहकों की अच्छी भीड़ रही। लोग घरों के लिए नए उत्पाद खरीदते नजर आए। एलईडी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और गीजर जैसे सामान की मांग बनी रही। त्योहार के अवसर पर नए उत्पाद खरीदने और पुराने घरेलू उपकरणों को बदलने के लिए भी लोग शोरूम पहुंचे। बाजारों में देर शाम तक बनी रही रौनक ने व्यापारियों को इस बार दीपावली सीजन में अच्छे कारोबार की उम्मीद दी है। सोने-चांदी के रिकॉर्ड भाव के बावजूद खरीदारी में उत्साह, वाहनों की डिलीवरी और घरेलू सामान की बिक्री ने धनतेरस को कारोबार के लिहाज से खास बना दिया।

200 के करीब बाइक व इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री

ऑटोमोबाइल सेक्टर में भी धनतेरस का उत्साह देखने को मिला। शहर के बाइक शोरूम में पहले से बुकिंग करवाने वाले ग्राहकों की भीड़ रही। व्यापारियों के अनुसार, करीब 200 बाइक और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री हुई। श्री बालाजी ऑटोमोबाइल में नए मोटरसाइकिल खरीदने वालों की भीड़ रही। हीरो के शोरूम में भी ग्राहकों की लंबी कतारें दिखाई दीं। यहां एडवांस बुकिंग के अलावा 25 बाइक की बिक्री हुई। इस बार इलेक्ट्रिक स्कूटी और अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति भी लोगों का खास रुझान देखने को मिला। पेट्रोल वाहनों के साथ इलेक्ट्रिक विकल्पों की जानकारी लेने और खरीदारी करने वाले ग्राहक भी शोरूम पहुंचे। दोपहिया वाहनों के अलावा चारपहिया वाहनों के शोरूम में भी पहले से बुकिंग करवाने वाले परिवार डिलीवरी लेने पहुंचे। कई शोरूम में एक ही दिन में दर्जनों वाहनों की डिलीवरी की गई।

झाड़ू से लेकर डिनर सेट तक की खरीदारी स्टील के बर्तनों की रही खास मांग

कपड़ों, जूते-चप्पल, श्रृंगार सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू उपयोग के सामान की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी खासी भीड़ रही। लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों, सजावटी सामान और दिवाली की जरूरतों की खरीदारी के लिए भी लोग बाजार पहुंचे। इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में एलईडी, फ्रिज, वाशिंग मशीन और गीजर जैसे उत्पादों की मांग रही। कुल मिलाकर बाजार में हर वर्ग और हर बजट के खरीदारों की मौजूदगी दिखाई दी। धनतेरस पर परंपरागत खरीदारी का उत्साह भी बरकरार रहा। लोगों ने शुभ माने जाने वाले झाड़ू की जमकर खरीदारी की। इसके अलावा बर्तन बाजार में स्टील के सामान की सबसे ज्यादा मांग देखने को मिली। घरेलू जरूरतों के लिए लोग डिनर सेट, चम्मच सेट, थाली, गिलास, कटोरी और प्लेटों के सेट खरीदते नजर आए। कई दुकानों पर ग्राहकों को सामान पसंद करने और बिलिंग करवाने के लिए इंतजार करना पड़ा। थाना रोड स्थित कपूर ज्वैलर्स, मौसूण ज्वैलर्स और विशाल ज्वैल्स सहित सर्राफा बाजार की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। सोने के ऊंचे भाव के चलते खरीदारी के तौर-तरीकों में बदलाव जरूर दिखा, लेकिन चांदी के सिक्कों और अन्य वस्तुओं के प्रति लोगों का रुझान बना रहा। कई परिवारों ने परंपरा के अनुसार धनतेरस पर कुछ न कुछ नया खरीदना जरूरी समझा।

थाना रोड पर लोगों का पैदल चलना भी हुआ मुश्किल

धनतेरस पर शहर के प्रमुख बाजारों में सुबह से ही ग्राहकों की आवाजाही बढऩे लगी थी। दोपहर होते-होते थाना रोड सहित मुख्य बाजार में भीड़ का दबाव बढ़ गया। थाना रोड पर हालात ऐसे हो गए कि लोगों को पैदल निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाजारों में उमड़ी भीड़ के कारण जाम की स्थिति न बने, इसके लिए प्रशासन ने मुख्य बाजार में चारपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया था। पार्किंग स्थल के बाहर और जवाहर चौक पर बैरिकेडिंग की गई। पुलिस जवानों की भी ड्यूटी लगाई गई थी, ताकि बड़े वाहन बाजार में प्रवेश न कर सकें और खरीदारी के लिए आने वाले लोगों को परेशानी न हो।

फतेहाबाद-रतिया में ढाई क्विंटल से अधिक पटाखे बरामद, 3 काबू

- अवैध पटाखों के भंडारण पर रेड विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

दीपावली पर्व के मद्देनजर अवैध रूप से पटाखों के भंडारण व बिक्री करने वालों पर फतेहाबाद पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। लगातार तीसरे दिन भी थाना शहर फतेहाबाद और थाना शहर रतिया पुलिस की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर औचक छापेमारी करते हुए कुल 2 क्विंटल 58 किलो 635 ग्राम अवैध पटाखे बरामद किए हैं। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले तीन आरोपियों को काबू कर उनके खिलाफ विस्फोटक अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज किए हैं। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि पुलिस चौकी गुरुनानकपुरा के इंचार्ज पीएसआई रजत के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर विचार आश्रम रोड स्थित गुरुनानकपुरा मोहल्ले के एक मकान पर रेड कर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान मकान के अंदर से विभिन्न प्रकार के 111 किलो 75 ग्राम अवैध पटाखे बरामद किए गए। मकान मालिक व आरोपी की पहचान नरेश कुमार पुत्र सतपाल आहूजा निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई है। आरोपी बरामद पटाखों के संबंध में वैध लाइसेंस या अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने इस संबंध में थाना में मामला दर्ज कर लिया है।

सूचना पर कार्रवाई

थाना शहर रतिया क्षेत्र में भी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीन ने बताया कि सहायक उपनिरीक्षक बुधराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर दुकिया मार्केट स्थित एक जनरल स्टोर के बाहर रखे 45 किलो 160 ग्राम पटाखे बरामद किए। इस मामले में पुलिस ने रणजीत को काबू किया। इसी प्रकार, दूसरी कार्रवाई में पीएसआई कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बुढलाडा रोड स्थित दुकिया मार्केट में शंकर सेल्स एजेंसी जनरल स्टोर पर छापेमारी की।


कानून का उल्लंघन करने वालों पर जारी रहेगी कार्रवाई : एसपी

पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान शहर में शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना फतेहाबाद पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



बिना वैध लाइसेंस एवं प्रशासनिक अनुमति के भारी मात्रा में पटाखों का भंडारण और उनकी अवैध बिक्री करना न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि इससे किसी भी समय भयानक आगजनी और जान-माल के नुकसान का बड़ा खतरा बना रहता है। एसपी ने जिले के सभी दुकानदारों और व्यापारियों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा तय किए गए दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन करें और किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित गतिविधियों से दूर रहें।

धर्म ट्रेडिंग कंपनी से भारी मात्रा में पटाखे बरामद



डबवाली। चौटाला गांव के मुख्य बाजार में वीरवार शाम सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापेमारी कर भारी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद की। अचानक हुई इस कार्रवाई से बाजार में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, सीएम फ्लाइंग को चौटाला के मुख्य बाजार में स्थित धर्म ट्रेडिंग कंपनी नामक दुकान पर पटाखों के भंडारण की सूचना मिली थी। इसके आधार पर टीम ने इंस्पेक्टर ईश्वर सिंह के नेतृत्व में छापेमारी की। कार्रवाई में गुप्तचर विभाग डबवाली के सब इंस्पेक्टर बलबीर सिंह भी शामिल रहे। पुलिस के सहयोग से टीम ने दुकान की करीब पांच घंटे तक गहन जांच-पड़ताल की। इस दौरान वहां से भारी मात्रा में पटाखे और विस्फोटक सामग्री बरामद हुई।

10 व्यक्ति जुआ खेलते गिरफ्तार

डबवाली। अवैध जुआ और सट्टा खाईवाली के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डबवाली पुलिस के एएनसी स्टाफ ने मंडी डबवाली के वार्ड नंबर 11 स्थित एक मकान पर छापा मारकर 10 लोगों को जुआ खेलते हुए काबू किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 82,770 रुपये की नकदी और ताश के 52 पत्ते बरामद किए हैं। बीती रात उपनिरीक्षक अनूप सिंह अपनी टीम के साथ गुप्त सूचना के आधार पर वार्ड नंबर 11 स्थित मकान में पहुंचे। पुलिस टीम ने एक कमरे में दबिश देकर 10 लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। पुलिस को देखकर आरोपियों ने ताश के पत्ते बेड पर फेंक दिए। तलाशी के दौरान मौके से 82,770 रुपये और ताश के पत्ते बरामद हुए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों की पहचान विजय कुमार, सुरेंद्र, राजेंद्र, सोनू, सुमित, आशीष, राहुल, मनीष, संदीप और पंकज के रूप में की है। सभी के खिलाफ थाना शहर डबवाली में जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

डबवाली में टाटा ऐस और बाइक की भीषण टक्कर, दोनों चालकों की मौत

- स्टेट हाईवे नंबर-32 पर भोभिया ढाणी के पास हादसा

अस्पताल में तोड़ा दम, मामले की जांच शुरू

अस्पताल में नरेंद्र शर्मा ने दम तोड़ दिया, जबकि बाइक सवार रिंकू की भी उपचार के दौरान मौत हो गई। चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे में दो परिवारों ने अपने सदस्यों को खो दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली

सिरसा जिले के डबवाली क्षेत्र में स्टेट हाईवे नंबर-32 पर मट्टदादू से करीब 500 मीटर दूर भोभिया ढाणी के पास टाटा ऐस टेंपो और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए और बाद में उनकी मौत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मृतकों की पहचान टाटा ऐस चालक नरेंद्र शर्मा (30) पुत्र लाल बहादुर शास्त्री निवासी खारियां और बाइक चालक रिंकू पुत्र रूपराम निवासी मट्टदादू के रूप में हुई है। नरेंद्र शर्मा गांव मेहना खेड़ा के वाटर वर्क्स में पानी की सप्लाई का काम करता था। जानकारी के अनुसार, नरेंद्र शर्मा टाटा ऐस में मजदूरों को पंजाब के बड़ी बंगी गांव में छोड़कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान भोभिया ढाणी के नजदीक बाइक और टाटा ऐस की टक्कर हो गई। हादसे के समय टाटा ऐस में सवार रणवीर पुत्र श्रवण निवासी केहरवाला ने बताया कि टक्कर के बाद दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए एंबुलेंस को फोन किया गया, लेकिन काफी देर इंतजार के बावजूद एंबुलेंस मौके पर नहीं पहुंची। इसके बाद डायल 112 की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को डबवाली के उपमंडल नागरिक अस्पताल पहुंचाया।

डॉग स्क्वॉड के साथ चप्पे-चप्पे पर की जांच

- दीपावली पर्व पर पुलिस अलर्ट, आमजन की सुरक्षा के लिए सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

आगामी दीपावली पर्व के मद्देनजर जिले में शांति, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर के दिशा-निर्देशन में टोहाना और जाखल क्षेत्र में स्थानीय पुलिस ने डॉग स्क्वॉड टीम के सहयोग से रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर विशेष चेकिंग एवं सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस टीमों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। राहत की बात यह रही कि सघन चेकिंग अभियान के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। विशेष चेकिंग अभियान के तहत डॉग स्क्वॉड टीम फतेहाबाद और थाना शहर टोहाना पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से टोहाना रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड परिसर में गहनता से जांच अभियान चलाया। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए सार्वजनिक परिसरों, यात्री प्रतीक्षालयों, प्लेटफॉर्मों तथा आसपास के क्षेत्रों में संदिग्ध वस्तुओं की बारकी से तलाश की गई। इसी प्रकार, दूसरी ओर थाना जाखल पुलिस ने भी डॉग स्क्वॉड टीम के सहयोग से जाखल जंक्शन रेलवे स्टेशन एवं मुख्य सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग कर चप्पे-चप्पे को खंगाला।



फतेहाबाद। टोहाना रेलवे स्टेशन पर तलाशी अभियान चलाते पुलिस कर्मचारी।

निर्देश दिए

पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर ने बताया कि दीपावली जैसे बड़े त्योहारी सीजन में बाजारों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों और भारी भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना फतेहाबाद पुलिस की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाएं, नाकेबंदी मजबूत करें और संदिग्ध गतिविधियों व व्यक्तियों पर विशेष नजर रखें। एसपी निकिता खट्टर ने आमजन और यात्रियों से अपील की है कि वे सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। यदि सार्वजनिक स्थानों पर कोई लावारिस बैग, संदिग्ध वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति नजर आए, तो उसकी तुरंत सूचना पुलिस को दें।

नशा तस्करों पर पुलिस का प्रहार 37 लाख रुपये की संपत्ति फ्रीज

- महिला तस्कर का मकान और दूसरे आरोपी की स्विफ्ट कार कार्रवाई के दायरे में, दोनों के खिलाफ दर्ज हैं नशा तस्करी के 11 मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

नशे के अवैध कारोबार से काली कमाई कर संपत्ति बनाने वाले तस्करों पर सिरसा पुलिस ने दीपावली के पर्व पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने महिला नशा तस्कर सहित दो आरोपियों की करीब 37 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति फ्रीज करवाई है। इनमें महिला तस्कर सुदेश रानी का रिहायशी मकान और दूसरे आरोपी हीरा सिंह की स्विफ्ट कार शामिल है। पुलिस की इस कार्रवाई से नशा तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। एसपी दीपक सहारन ने बताया कि बड़ागुढ़ा थाना पुलिस ने हीरा सिंह पुत्र प्रगट सिंह निवासी बड़ागुढ़ा की स्विफ्ट कार फ्रीज करवाई है। आरोपी के खिलाफ वर्ष 2019 से अब तक थाना बड़ागुढ़ा में नशा तस्करी के तीन मामले दर्ज हैं। इसके अलावा वर्ष 2024 में सदर डबवाली थाने में भी उसके खिलाफ एक मामला दर्ज हुआ था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कार परिवार के अन्य सदस्यों के नाम करवा रखी थी। इसी तरह शहर थाना पुलिस ने महिला नशा तस्कर सुदेश रानी पत्नी लक्ष्मण दास निवासी वार्ड नंबर 26, ढाणी तेजा सिंह का रिहायशी मकान फ्रीज करवाया है। महिला के खिलाफ शहर सिरसा, सदर और रोड़ी थानों में नशा तस्करी के सात मामले दर्ज हैं। इस प्रकार दोनों आरोपियों के खिलाफ कुल 11 मामले दर्ज हैं। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपियों की संपत्तियों का पूरा रिकॉर्ड जुटाकर सक्षम प्राधिकारी एवं राजस्व विभाग, दिल्ली को भेजा गया था।

धर्म-कर्म ग्रामीणों ने स्वेच्छा से उपलब्ध करवाई भूमि, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुआ उद्घाटन

भजनों और हरियाणवी रागिनी ने बांधा समां

आपसी भाईचारे की मिसाल बना गोरखपुर झाड़ियों वाली जगह पर बनाया श्रीराम चौक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

महाग्राम पंचायत गोरखपुर में रामसरा तालाब के समीप नवनिर्मित भव्य श्रीराम चौक का धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच उद्घाटन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुए समारोह में पूरा गांव भक्तिमय माहौल में रंगा नजर आया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच डॉ. मनदीप योगी ने की। इस चौक की खास बात यह है कि इसके निर्माण में ग्रामवासियों ने आपसी सहमति और भाईचारे का परिचय देते हुए स्वेच्छा से भूमि उपलब्ध करवाई। श्रीराम चौक का निर्माण गांव की सामाजिक एकता और सामूहिक प्रयासों की मिसाल है। जिस स्थान पर आज आकर्षक चौक विकसित किया गया है, वहां पहले झाड़ियां होने के कारण जंगल जैसी स्थिति बनी हुई थी। भूमि के कुछ हिस्से पर लोगों का कब्जा भी था। ऐसे में ग्रामीणों ने आपसी बातचीत, सहमति और सौहार्द से इस स्थान को गांव के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए उपलब्ध करवाया। इसके बाद सामूहिक सहयोग से जगह का सौंदर्यीकरण कर इसे भव्य चौक का रूप दिया गया।



तीन लाइब्रेरी और दो चौकों से गांव को दी नई पहचान

सरपंच डॉ. मनदीप योगी ने बताया कि पंचायत और ग्रामीणों के सहयोग से गांव में तीन लाइब्रेरी संचालित की जा रही हैं, जहां युवाओं को शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए सुविधाएं मिल रही हैं। ग्राम पंचायत इससे पहले आदियोगी चौक का निर्माण भी करवा चुकी है। अब श्रीराम चौक बनने से गांव की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूती मिलेगी। उनका प्रयास गोरखपुर को शिक्षा के साथ आध्यात्मिक गतिविधियों और पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित करना है, ताकि गांव की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को नई पहचान मिल सके। उन्होंने चौक निर्माण में सहयोग देने वाले सभी ग्रामीणों का आभार जताया।

भजनों और हरियाणवी रागिनी से माहौल भक्तिमय

उद्घाटन समारोह में प्रसिद्ध हरियाणवी रागिनी कलाकार लोकेश शर्मा एंड पार्टी ने धार्मिक भजनों और मनमोहक रागिनियों की प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर ग्रामीण झूम उठे और कार्यक्रम में देर तक उत्साह बना रहा। समारोह में ग्राम पंचायत सदस्यों, साधु-संतों, ग्रामवासियों तथा आसपास के क्षेत्र से आए लोगों ने भाग लिया।



उदित समेत 13 सिंगर्स ने मिलकर गाए 'सूर्या' के गीत

नई दिल्ली। रामायण पार्ट 1 की रिलीज के बाद सनी देओल एक और फिल्म सूर्या में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 दिनों बाद सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की रिलीज से पहले ही इसका फुल एल्बम जारी हो गया। आगामी फिल्म सूर्या के गानों में कुमार सानू से लेकर उदित नारायण अपनी आवाज देने वाले हैं। फिल्म में कुल सात गाने हैं, जिन्हें सिनेमा के दिग्गज गायक-गायिकाओं ने गाया है। सूर्या के साथ सबका अनुभव करो। फिल्म में कुल सात गाने हैं। सुनियो जरा - कुमार सानू, उदित नारायण, अनुपम अमोद। ढोला जी - श्रेया घोषाल, जावेद अली, स्वरूप खान।

लाइफ Style

सुहाना

दिवाली पार्टी में बिखेरा फैशन का जलवा

बॉलीवुड में सितारे दिवाली बड़े ही ग्लैमरस अंदाज में मनाते हैं। हाल ही में मनीष मल्होत्रा ने बॉलीवुड सितारों के लिए एक स्पेशल दिवाली पार्ट होस्ट की। इस पार्टी में जाने-माने सितारे शामिल हुए और फैशन का जलवा बिखेरा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कृति सेनन, सुहाना खान, जाह्नवी कपूर और करीना कपूर ने तो अपने लुक से हर किसी को अपना दीवाना बना लिया। सोशल मीडिया पर इस पार्टी में शामिल हुए सितारों के लुक्स खूब वायरल हो रहे हैं। कृति सेनन भी मनीष मल्होत्रा की पार्टी में शामिल हुईं। एक्ट्रेस ने इस दौरान पेस्टल ब्लू कलर का कुर्ता और मैचिंग पैंट पहनी। एक्ट्रेस का ये अंदाज भी काफी स्टाइलिश और ग्लैमरस लग रहा है। सोशल मीडिया पर कृति सेनन के लुक की खूब तारीफ भी हो रही है। इसके साथ ही एक्ट्रेस की फोटोज भी खूब वायरल हो रही हैं। जाह्नवी कपूर ने इस पार्टी में ब्लैक और गोल्डन कलर की स्ट्राइप्स वाला लहंगा कैरी किया। इस लुक में जाह्नवी काफी खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, पैपराजी के सामने जाह्नवी ने अकेले ही पोज दिए। सोशल मीडिया पर जाह्नवी का ये ग्लैमरस अंदाज काफी चर्चाओं में बना हुआ है। हर कोई उनके लुक की तारीफ कर रहा है। शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान ने इस पार्टी की सारी लाइमलाइट छीन ली। ब्रोकेड लहंगा में बेहद खूबसूरत दिखाई दीं। सुहाना के इस लुक ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। वहीं, सोशल मीडिया पर सुहाना के लुक की तारीफ हो रही है।



हॉलीवुड मसाला



किंग काइली बनीं प्रियंका

लॉस एंजिल्स। प्रियंका चोपड़ा त्योहारी सीजन का भरपूर आनंद ले रही हैं। दिवाली की पार्टी का आयोजन करने के बाद अब वह अपने परिवार के साथ हैलोवीन मनाने में जुट गई हैं। हैलोवीन मनाने के लिए अभिनेत्री अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ बाहर निकलीं। इस मौके पर, प्रियंका ने काइली जेनर के मशहूर 'किंग काइली' लुक को अपनाया। उन्होंने लंबे गुलाबी बाल (विग), काली बीनी (टोपी), बड़े सनग्लासेस, काला क्रॉप टॉप और उसके साथ मैचिंग जैकेट व ट्राउजर पहना।




नील यंग ने किया ट्रंप पर 10 मिलियन डॉलर का मुकदमा

लॉस एंजिल्स। संगीतकार नील यंग ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक एक्शन कमिटी 'ट्रंप 47 कमिटी इंक' के खिलाफ 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर का मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि कमिटी ने मिडटर्म चुनाव रैलियों में राष्ट्रपति के मंच पर आने के दौरान, बिना इजाजत के उनके गाने 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' का इस्तेमाल किया। 'रॉकिन इन द फ्री वर्ल्ड' के अनधिकृत इस्तेमाल को लेकर ट्रंप के खिलाफ यह यंग की दूसरी कानूनी कार्रवाई है। यंग ने पहली बार 2020 में ट्रंप पर मुकदमा किया था, जिसे बाद में आपसी समझौते से सुलझा लिया गया था। गायक के इस नए मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि ट्रंप ने उस समझौते की शर्तों का उल्लंघन करते हुए, फिर से इस गाने का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है।



आज के सितारों में कॉन्फिडेंस की कमी

नई दिल्ली। फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान अपनी बेबाक बातों के लिए जानी जाती हैं। वो अपनी सोच को खुलकर लोगों के सामने रखती हैं। हाल ही में फराह ने आज के नए एक्टर्स के काम करने के तरीके पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आजकल के कलाकार फिल्मों में कोरियोग्राफी से लेकर म्यूजिक और कास्टिंग तक हर चीज में दखल देते हैं। उनके मुताबिक, ऐसा इसलिए होता है क्योंकि आज के एक्टर्स को खुद पर भरोसा नहीं है और वे असुरक्षित महसूस करते हैं। उन्हें अपने डायरेक्टर पर भी विश्वास नहीं होता। वे गानों की कोरियोग्राफी खुद करना चाहते हैं और म्यूजिक से लेकर कास्टिंग तक हर मामले में दखल देते हैं। फराह के मुताबिक, यह सब तब होता है जब किसी इंसान को खुद पर भरोसा नहीं होता।



'ईठा' की मुश्किलें बढ़ाएंगे सलमान

नई दिल्ली। बॉलीवुड में नवंबर के बाद दिसंबर के महीने में कई बड़ी फिल्में रिलीज के लिए तैयार हैं। इन बड़ी फिल्मों में शाह रुख खान की किंग से लेकर एंवेजर्सः डूम्सडे समेत श्रद्धा कपूर की ईठा का नाम भी शामिल है और अब लीजिए दिसंबर के महीने में ही बॉक्स ऑफिस पर आंधी तूफान मचाने आ रहे हैं सलमान खान, क्योंकि दबंग खान की मचअवेटेड फिल्म मातृभूमि की रिलीज का ऐलान हो चुका है। फिल्म 4 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। अब इसमें ट्विस्ट ये है कि 4 दिसंबर को ही श्रद्धा कपूर की मचअवेटेड फिल्म 'ईठा' भी रिलीज होने जा रही है। मतलब ये है कि भाईजान अब श्रद्धा की फिल्म की मुश्किलें बढ़ाने वाले हैं। अभीतक 4 दिसंबर को श्रद्धा की फिल्म आ रही थी और वो भी किंग से पहले, लेकिन अब श्रद्धा की फिल्म से सलमान की फिल्म टकराने वाली है।

टीवी मसाला



प्रियंका को हराकर राइज एंड फॉल 2 के विनर बने शहजाद

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल 2 का ग्रैंड फिनाले हो गया है। शो के विजेता शहजाद पूनावाला बने हैं जिन्होंने ट्रॉफी के साथ-साथ लाखों की प्राइज मनी भी अपने नाम की है। इस बार विजेता बनने की रेस में कुल 6 फाइनलिस्ट थे, जिसमें शहजाद, प्रियंका चाहर चौधरी, गौतम गुलाटी, करण पटेल, स्वरा भास्कर और निहारिका तिवारी शामिल थे। टॉप 2 फाइनलिस्ट में पॉलिटिशियन शहजाद पूनावाला और प्रियंका चाहर चौधरी थे। हालांकि, शो की ट्रॉफी मास्टरमाइंड कहे जाने वाले शहजाद पूनावाला ने अपने नाम की है। शो के होस्ट वीरेन्द्र सहवाग ने विनर की अनाउंसमेंट की। उन्होंने शानदार ट्रॉफी के साथ-साथ 35 लाख रुपए की इनामी राशि भी जीती है। फर्स्ट रनर-अप प्रियंका बनीं। वहीं, शो के दूसरे रनर-अप गौतम गुलाटी रहे। शो जीतने के बाद शहजाद पूनावाला ने अपनी खुशी शेयर की है। उन्होंने कहा, राइज एंड फॉल सीजन 2 जीतना एक ऐसा अहसास है जिसे मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह सफर आसान नहीं था, टावर की ऊंचाइयों से लेकर बेसमेंट की अनिश्चितताओं तक मुझे लगातार खुद को ढालना पड़ा और आगे बढ़ते रहना पड़ा, भले ही चीजें मेरे हक में न हों। शहजाद ने आगे कहा, 'कई बार मन में शक भी पैदा हुआ, लेकिन अंदर ही अंदर मुझे हमेशा यकीन था कि मैं जीत सकता हूं। आज ट्रॉफी के साथ यहां खड़ा होना, उसी यकीन के सच होने जैसा है। यह जीत इस बात का सबूत है कि दृढ़ संकल्प और हिम्मत से क्या कुछ हासिल किया जा सकता है।


अनिल और फराह ने मांगी गीता से माफी

नई दिल्ली। अनिल कपूर और फराह खान ने स्टंट प्रोफेशनल गीता टंडन से माफी मांगी है। गीता ने 'इंडिया के टॉप 1%' के सेट पर अपने साथ हुए कथित बुरे बर्ताव के बारे में बात की थी। गीता का दावा था कि उन्हें और उनके बेटे को बिना किसी सही जानकारी के लगभग नौ घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इंस्टाग्राम पर उनके इस पोस्ट के बाद दोनों सेलिब्रिटीज ने जवाब दिया। अनिल कपूर ने खेद जताया, जबकि फराह खान ने स्पष्ट किया कि उन्हें पता ही नहीं था कि गीता टंडन सेट पर इंतजार कर रही थीं। इस रियलिटी शो को होस्ट करने वाले अनिल कपूर ने खुद गीता टंडन की पोस्ट पर जवाब दिया और उनकी निराशा को समझा। उन्होंने लिखा, 'गीता जी, यह सुनकर मुझे सच में बहुत दुख हुआ। शो के होस्ट के तौर पर, मैं हमेशा यही चाहता हूं कि शो से जुड़े हर व्यक्ति को अच्छा महसूस हो और उनका सम्मान किया जाए।



एक-दूसरे की आंखों में डूबे ऐश्वर्या-अभिषेक हाथ थामे दिवाली पार्टी में ली एंट्री


नई दिल्ली। एश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के रिश्ते को लेकर एक लंबे समय से सोशल मीडिया पर कई सवाल उठ रहे थे। कभी उनके रिश्ते में अनबन की खबरे आईं, तो वहीं कईयों ने तो उनके तलाक तक की अफवाह उड़ा दी। इन सभी रूमर्स पर अब ऐश्वर्या और अभिषेक ने ट्रोलर्स को ऐसा जवाब दिया है, जिससे उनकी बोलती बंद हो जाएगी। बीती रात मुंबई में फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने अपने बांद्रा स्थित घर पर दीवाली पार्टी रखी। जिसे अटेंड करने के लिए कई बड़े सितारे पहुंचें। हालांकि, इन सभी सितारों में जिस कपल ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींचा , वो थे ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक, जो हाथों में हाथ डाले एक साथ पहुंचे थे। मनीष मल्होत्रा की दीवाली पार्टी से ऐश्वर्या और अभिषेक की कई तस्वीरें और वीडियोज वायरल हो रही हैं। इन फोटोज में अभिषेक बच्चन रेड कारपेट पर ऐश्वर्या का हाथ थामे दिखाई दिए। जब फोटोग्राफर्स ने कपल को पोज करने के लिए कहा, तो कभी अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या के कंधे पर हाथ रखे दिखे, तो कभी एकटक अपनी ब्यूटीफुल वाइफ की खूबसूरत आंखों में देखते रहे। सालों की शादी के बाद अभिषेक बच्चन का वहीं प्यार भरा अंदाज देखने



के बाद ऐश्वर्या राय की स्माइल थमने का नाम नहीं ले रही थीं। जब अभिषेक ने प्यार से उनके कंधे पर हाथ रखा, तो बड़े ही प्यार से ऐश्वर्या राय ने भी उनके शोल्डर पर अपना सिर टिका दिया। जब पैपराजी ने ऐश्वर्या से मनीष मल्होत्रा के घर में एंट्री करते हुए सोलो फोटो मांगी, तो अभिनेत्री ने इशारों में ऐसा करने से साफ इनकार कर दिया। ऐश्वर्या राय ने इस खास मौके पर लाल सुर्ख साड़ी पहनी हुई थी, जिसमें वह बेहद ही खूबसूरत लग रही थीं। उनके लुक की तारीफ करते हुए दूसरे यूजर ने लिखा, "मैं ऐश्वर्या पर से आंखें नहीं हटा पा रहा हूं। दोनों बहुत ही खूबसूरत लग रहे हैं।"

रामायण में इन 6 किरदारों ने चौंकाया अपनी अपीयरेंस और एक्टिंग से किया इंप्रेस

मुंबई। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है। बता रहे हैं उन 6 कलाकारों के बारे में जिन्होंने रामायण फिल्म में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से चौंका दिया। रणबीर कपूर की रामायण फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। फिल्म से काफी अच्छे कलेक्शन की उम्मीद लगाई जा रही थी जिसमें ये सफल भी रही है। हर कलाकारों ने अपनी एक्टिंग से इंप्रेस किया है।



कैकसी : रावण की मां कैकसी के रोल में साउथ एक्ट्रेस और पद्म भूषण से सम्मानित शोभना ने चौंका दिया। उन्होंने फिल्म में दमदार रोल प्ले किया और फिल्म की शुरुआत से ही छाई रहीं। रावण की अपब्रिंगिंग में उनका किरदार कितना अहम था ये इस फिल्म में देखने को मिलता है।

जटायु : रामायण फिल्म में जटायु का किरदार अनुपम खेर ने प्ले किया है। इस रोल में वे शानदार परफॉर्म करते नजर आए हैं। जटायू ने ही राम को रावण का पता बताया था। वहीं, सीता मइया को रावण के चंगुल से बचाने के लिए अपनी जान दांव पर लगाई थी।

विश्वामित्र : वैदिक काल के महान ऋषि और राम के गुरु विश्वामित्र का किरदार फिल्म में अजंक्य देओ ने प्ले किया है। इस किरदार में वे काफी असरदार साबित हुए हैं। राम को उनके कन्फर्ट जोन से बाहर निकाल एक योद्धा बनाने की पहली शुरुआत विश्वामित्र ने ही की थी। फिल्म में अजंक्य ने ये किरदार बहुत बेखूबी निभाया है।

विद्युतजीव्हा : शूर्पणखा के पति विद्युतजीव्हा का किरदार रामायण फिल्म में विवेक ओबेरॉय ने प्ले किया है। इस रोल में वे काफी प्रभावशाली रहे हैं। रावण को एक महान शासक बनाने में विद्युतजीव्हा का क्या योगदान था ये इस फिल्म में देखने को मिला है। रावण संग उनकी लड़ाई का प्रसंग भी इसमें दिखाया गया है, जिसमें रावण उनकी जान ले लेता है।

शूर्पणखा : शूर्पणखा का किरदार रामायण फिल्म में काफी मायने रखता है। उनके किरदार के बिना तो रामायण की कल्पना करना मुश्किल है। क्योंकि, राम और रावण के बीच लड़ाई और सीता हरण का मुख्य कारण शूर्पणखा ही थीं जो अपने भाई के हाथों अपने पहले पति विद्युतजीव्हा के वध के बाद राम को दिल दे बैठी थीं। रकुल प्रीत सिंह ने इस किरदार के साथ पूरा न्याय किया है।

मारीच : रावण की सेना में मारीच नाम का एक दानव था जो अपने मायावी छल के लिए जाना जाता था। वो रिश्ते में रावण का माम और उसकी मां कैकसी का भाई थी। मारीच का रोल इस फिल्म में सौरभ सचदेव ने निभाया है। वे अपने रोल में परफेक्ट नजर आए हैं।

इन फिल्मों के गाने त्योहार की खुशियों में लगा देंगे चार चांद

बॉलीवुड की इन सात फिल्मों में दिखी दिवाली की धूम

नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में हमेशा ही त्योहारों का विशेष महत्व दिया जाता है। फिर चाहे वो ईद, दशहरा, दिवाली या फिर होली सभी त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। ऐसे में जब बात रौशनी की त्योहार दिवाली की हो तो फिल्मों में इसकी रौनक देखते ही बनती है। आज हम आपको ऐसी ही 7 फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसमें दिवाली के सीन दिखाए गए हैं। इन फिल्मों के दिवाली सॉन्ग्स भी आपको झूमने पर मजबूर कर देंगे।

कभी खुशी कभी गम

जया बच्चन, अमिताभ बच्चन, करीना कपूर, ऋतिक रोशन, काजोल और शाहरुख खान स्टारर फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में भी दिवाली की धूम दिखाई गई है। फिल्म में जया बच्चन दिवाली की पूजा करके हाथों में थाली लिए अपने बेटे शाहरुख का वेलकम करने के लिए तैयार दिखती हैं।

तारे जमीन पर

आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में भी दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। हालांकि, फिल्म के मेन कैरेक्टर ईशान के लिए दिवाली खुशी का नहीं बल्कि दुख का कारण था क्योंकि वो अपने माता-पिता से दूर एक बोर्डिंग स्कूल में था।

हम आपके हैं कौन

ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर फिल्म 'हम आपके हैं कौन' भी इसी लिस्ट में शामिल है। इस मूवी में माधुरी दीक्षित और सलमान खान की जोड़ी ने धमाल मचा दिया था। इसमें भी दिवाली का त्योहार बड़े धूमधाम से मनाया गया था। दिवाली सेलिब्रेशन को दिखाते हुए 'धिक ताना' गाना फिल्माया गया।



आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया

'आई है दिवाली सुनो जी घरवाली' ये गाना फिल्म 'आमदनी अठन्नी खर्चा रुपैया' का है। इस गाने से ही साफ है कि फिल्म में दिवाली को बहुत ही शानदार तरीके से मनाया गया है। इसमें गोविंदा और जूही चावला सहित कई स्टार्स नजर आए थे।

मोहब्बतें

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय और अमिताभ बच्चन समेत मल्टीस्टारर फिल्म 'मोहब्बतें' में भी दिवाली को बहुत ही धूमधाम से मनाते दिखाया गया है। फिल्म में दिवाली सेलिब्रेशन का गाना 'जिंदा रहती हैं उनकी मोहब्बतें' आज भी हर किसी की फेवरेट सॉन्ग लिस्ट में शामिल है।

चाची 420

कमल हासन की फिल्म 'चाची 420' भी इसी लिस्ट में शामिल है। इस फिल्म में एक खास सीन है, जिसमें चाची भारती यानी कमल की ट्यूटर के तौर पर नौकरी के लिए दुर्गा प्रसाद भारद्वाज के घर जाती हैं। इस दौरान वह भारती को एक भयानक पटाखे की घटना से बचाती हैं।

होम डिलीवरी

विवेक ओबेरॉय की फिल्म 'होम डिलीवरी' का एक सॉन्ग है, जो अक्सर दिवाली के मौके पर ट्रेंड में रहता है। ये गाना है 'हैप्पी दिवाली'। इसके घर हो या ऑफिस हर जगह दिवाली पर सुनने को मिलता है।



खबर संक्षेप

डोडा पोस्त बरामदगी में मुख्य सप्लायर पकड़ा

फतेहाबाद। थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने 21 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त बरामदगी के मामले में मुख्य सप्लायर को पंजाब से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए मुख्य आरोपी की पहचान रणजीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह निवासी गांव झंडा कलां, जिला मानसा के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक सुमित ने बताया कि इससे पूर्व पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर हिसार रोड बाईपास पर स्थित धांगड़ पुल के पास एक महिला आरोपी संतो कौर पत्नी सतनाम सिंह निवासी गांव झंडा कलां, पंजाब को काबू किया था।

पुलिस ने दो सटोरियों को किया गिरफ्तार

फतेहाबाद। जिला पुलिस ने दो सट्टा खाईवालों को काबू किया है। भूना पुलिस ने बस अड्डे के नजदीक सरेआम सट्टा खाईवाली करने वाले एक व्यक्ति को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विक्रम पुत्र संतलाल निवासी हिसार रोड, भूना के रूप में हुई है। थाना भूना के प्रभारी उप-निरीक्षक कंवर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भूना के नजदीक गश्त और सुरक्षा व्यवस्था की जांच पर तैनात थी। इसी दौरान टीम को सूचना मिली कि बस अड्डे के पास एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर खड़ा होकर अवैध रूप से सट्टा खाईवाली का धंधा कर रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई की।

सैनिक स्कूल में कक्षा छठी व 9वीं के दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित

फतेहाबाद। खिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2027 के माध्यम से शैक्षणिक वर्ष 2027-28 में सैनिक स्कूलों में कक्षा 6वीं व 9वीं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी वेबसाइट पर 2 दिसंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा छठी में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि एक अप्रैल, 2015 तथा 31 मार्च, 2017 के बीच होनी चाहिए। कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु छात्रों की जन्मतिथि एक अप्रैल, 2012 तथा 31 मार्च, 2014 के बीच होनी चाहिए। कक्षा 6वीं के लिए 120 सीट जिनमें लडक़े 108 व लड़कियां 12 तथा कक्षा 9वीं के लिए 30 सीटें जिनमें लड़कें 26 व लड़कियां 4 अनुमानित रिक्त स्थान हैं।

किसानों के धरने को अखिल भारतीय किसान सभा का समर्थन

नहरी पानी में कटौती बर्दाश्त नहीं बंजर हो जाएंगी जमीनें : विष्णु दत्त

- जल्द मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

संयुक्त मोर्चे के आह्वान पर नहरी पानी की कटौती, ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों के विशेष मुआवजे तथा वर्ष 2025 के बकाया बीमा क्लेम की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय के बाहर चल रहे किसानों के अनिश्चितकालीन धरने को अब अखिल भारतीय किसान सभा का भी समर्थन मिल गया है। किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त के नेतृत्व में किसानों का एक बड़ा जत्था धरना स्थल पर पहुंचा और आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए सरकार के खिलाफ हुंकार भरी।

धरने को संबोधित करते हुए किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त ने कहा कि भाखड़ा डैम का पानी हिसार, फतेहाबाद और सिरसा सहित पांच जिलों के लिए सिंचाई और पेयजल का मुख्य साधन है। सरकार द्वारा नहरी पानी में की जा रही भारी कटौती के कारण इस क्षेत्र में रबी फसलों की बिजाई पर गंभीर संकट मंडरा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि फतेहाबाद, हिसार व सिरसा के कई क्षेत्रों में भूजल पूरी तरह खारा और पीने तथा सिंचाई के अयोग्य है। ऐसे में महीने में केवल एक सप्ताह पानी चलाना और दो सप्ताह नहरें बंद रखना किसानों की कमर तोड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पुरानी पद्धति यान दो सप्ताह पानी और एक सप्ताह बंदी सिस्टम को दोबारा लागू नहीं किया गया, तो किसानों की जमीनें बंजर हो जाएंगी और पीने के पानी का विकराल संकट खड़ा हो जाएगा। विष्णु दत्त ने दो टूक शब्दों में कहा कि सरकार नहरी पानी में कटौती कर किसानों के साथ सीधा अन्याय कर रही है, जिसे किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। किसान अपने हक का पूरा पानी लेकर रहेंगे।



फतेहाबाद। डीसी कार्यालय पर धरने को संबोधित करते किसान सभा जिला प्रधान विष्णुदत्त। फोटो : हरिभूमि

किसान सभा ने प्रशासन और प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का बिना किसी सीमा शर्त के एक लाख रुपये प्रति एकड़ मुआवजा तुरंत जारी नहीं किया गया और वर्ष 2025 का बकाया बीमा क्लेम खातों में नहीं डाला गया, तो इस आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर सुभाष चन्द्र भादु, रिछपाल सिंह, राकेश कुमार, वजीर सिंह, रोहतास डूडी, अजय सिंह माचरा, किशोरी लाल, बीर सिंह, सतबीर सिंह, सुरजमल जाखड़, विनोद कुमार सहित भारी संख्या में किसान एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

गांव में भाजपा नेताओं की एंट्री पर

फतेहाबाद। भट्ट खंड के दैय्यड़ गांव में ग्रामीणों और धरना कमेटी ने भाजपा नेताओं के प्रवेश पर रोक लगा दी है। नहरीबंदी के विरोध में गांव के प्रवेश द्वारों पर बैनर लगाए गए हैं। आंदोलनकारी ग्रामीणों ने कहा कि जब तक सरकार और प्रशासन उनकी मांगें नहीं मानते, तब तक किसी भी भाजपा नेता को गांव में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उनका कहना है कि नहरीबंदी के कारण वे संकट में हैं और प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा। ग्रामीणों ने कहा कि अगर दीवाली तक मांगें पूरी नहीं हुईं, तो यह रोक आजीवन जारी रहेगी। किसानों का कहना है कि नहरी पानी की पुरानी व्यवस्था बहाल होने तक उनका विरोध जारी रहेगा।


फतेहाबाद। दुकानदारों से मिलकर उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं देते बीजेपी नेता।

बाजार में दुकानदारों को दी शुभकामनाएं

दीपावली खुशियां व आपसी भाईचारे का पर्व : जोड़ा

- बाजारों की रौनक और व्यापारियों की मेहनत से ही त्योहारों की बढ़ती है खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

दीपावली के पावन पर्व पर जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने शहर के बाजारों का दौरा कर विभिन्न दुकानों में जाकर दुकानदारों से मुलाकात की और उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों से आत्मीयता के साथ बातचीत की और उनके व्यापार एवं परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। प्रवीन जोड़ा ने कहा कि दीपावली खुशियों, उमंग और आपसी भाईचारे का पर्व है। यह त्योहार हमें अंधकार से प्रकाश की ओर बढऩे, आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने तथा समाज में सकारात्मकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि बाजारों की रौनक और व्यापारियों की मेहनत से ही त्योहारों की खुशियां और अधिक बढ़ जाती हैं। व्यापारी वर्ग देश और प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

खुशहाली की कामना

उन्होंने सभी दुकानदारों एवं शहरवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए भगवान श्रीराम से सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर डॉ. रणजीत ओड, आईटी सेल प्रमुख सुभाष साहू, मन की बात प्रमुख विक्रम शर्मा तथा अवतार मोंगा, विकास शर्मा, सुभाष चंदोरा, जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

कांग्रेस भवन में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस

भाजपा सरकार वोट चोरी से बनी, चुनाव आयोग के इशारे पर काटे वोट : संतोष

सिरसा। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष संतोष बेनीवाल ने कांग्रेस भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर बड़ा हमला बोला है। संतोष बेनीवाल ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार लोकतांत्रिक तरीकों से नहीं, बल्कि 'वोट चोरी' के बल पर बनी है। इस फर्जीवाड़े और धांधली के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने पूरे हरियाणा में मोर्चा खोल रखा है। भारतीय जनता पार्टी ने जनादेश से नहीं, बल्कि जनादेश का चीरहरण करके वोट चोरी के बल पर अपनी सरकार बनाई है। जिस सरकार की बुनियाद ही धोखे और धांधली पर टिकी हो, उसे सत्ता में रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। भाजपा नेताओं को तुरंत नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देना चाहिए। संतोष बेनीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग स्वतंत्र संस्था न रहकर भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। हरियाणा में एसआईआर के बहाने 33 लाख 36 हजार (लगभग 17 प्रतिशत) वैधानिक वोट काट दिए गए ताकि विपक्ष के जनाधार को कमजोर किया जा सके। जिला अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इस वोट चोरी के खिलाफ खामोश नहीं बैठेगी। 25 नवंबर तक गांव-गांव की चौपालों में 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के माध्यम से जनता के बीच भाजपा की इस फर्जीवाड़े की पोल खोली जाएगी। जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार लोकतांत्रिक संस्थाओं और संविधान को कमजोर करने में लगी है। जनता अब इस फर्जीवाड़े को समझ चुकी है और 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के जरिए कांग्रेस इस तानाशाही और वोट चोरी का मुंहतोड़ जवाब देगी।

फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत खंड फतेहाबाद के गांवों में निकाला फ्लैग मार्च

- किसानों को पराली न जलाने एवं फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत शुक्रवार को खंड फतेहाबाद के सभी गांवों में किसानों को पराली न जलाने एवं फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए फ्लैग मार्च निकाला गया। लघु सचिवालय परिसार से फ्लैग मार्च को तहसीलदार सुरेंद्र सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मार्च निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार सभी गांवों से होकर निकाला गया। इस अवसर पर उपमंडल कृषि अधिकारी डॉ. संजय मेचू, खंड कृषि अधिकारी डॉ. जय कुमार भोरिया, सहायक कृषि अभियंता कार्यालय से कृषि विकास अधिकारी नीरज कुमार सहित अन्य अधिकारियों द्वारा किसानों को पराली प्रबंधन की आधुनिक तकनीकों एवं कृषि यंत्रों के उपयोग की जानकारी दी गई। राजस्व विभाग द्वारा पराली जलाने की घटनाओं पर निगरानी तथा पंचायत विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर किसानों को जागरूक करने में सहयोग किया। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे पराली न जलाएं व पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।


फतेहाबाद। फ्लैग मार्च को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए तहसीलदार सुरेंद्र सिंह।

संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की 26 को होगी महापंचायतः डा. जम्मू

सिरसा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एरिया रानियां की मासिक बैठक कॉमरेड शमशेर सिंह काहलो की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। डा. सुखदेव सिंह जम्मू ने कहा कि आगामी 26 नवम्बर को संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा की महापंचायत बहादुरगढ़ में आयोजित की जाएगी। आन्दोलन के शहीदों के स्मारक की मांग के साथ लोगों से ज्यादा संख्या में शामिल होने का आह्वान किया जाएगा। अखिल भारतीय किसान सभा सिरसा के साथी जत्था लेकर बहादुरगढ़ पंचायत में भारी संख्या में शामिल होंगे। कामरेड स्वर्ण सिंह विर्क ने बताया कि भाकपा राष्ट्रीय कैंसिल के आह्वान पर 1 से 3 दिसंबर तक केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जेल भरो आन्दोलन के तहत सिरसा जिला मुख्यालय पर जेल भरो जत्था अपनी गिरफ्तारी देने के लिए पूरे जोश के साथ पहुंचेगा। कॉमरेड स्वर्ण सिंह विर्क ने आगामी सात नवम्बर को सोवियत यूनियन क्रांति दिवस के तौर मनाने का आह्वान किया। उन्होंने सोवियत क्रान्ति 7 नवंबर 1917 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बैठक में कॉमरेड बलराज सिंह बनी, स्वर्ण सिंह विर्क, पाला सिंह चीमा, कुलदीप सिंह, शंगारा सिंह, मोहन सिंह, जोगिन्दर सिंह दमदमा, जागीर सिंह, महेश सिंह, पवन कुमार, रेशम सिंह करीवाला व कश्मीर सिंह मुक्ता ने भाग लिया।

प्रदेश में प्रथम रहा बैजलपुर का पीएम श्री स्कूल, मिला पुरस्कार

भूना। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बैजलपुर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रदेश स्तर पर इतिहास रच दिया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा, गुरुग्राम की ओर से 4 व 5 नवंबर को आयोजित स्टेट साइंस ड्रामा कॉन्टेस्ट 2026-27 में स्कूल की टीम ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया। इस उपलब्धि से न केवल स्कूल, बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन हुआ है। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी जिलों की चयनित टीमों ने हिस्सा लिया। बैजलपुर के विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित नाटक के माध्यम से अपनी रचनात्मक सोच, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और अभिनय प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के प्रभावशाली संवाद, सशक्त अभिनय और मंच प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। प्रथम स्थान हासिल करने पर टीम को 40 हजार रुपये नकद पुरस्कार और मेरिट प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। बेहतर निर्देशन के लिए विद्यालय को बेस्ट डायरेक्शन अवार्ड से भी नवाजा गया। इसके तहत 2500 रुपये नकद और प्रमाण पत्र दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीमें 1 व 2 दिसंबर को नई दिल्ली स्थित नेशनल साइंस सेंटर में होने वाली नॉर्दर्न जोन प्रतियोगिता में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगी।

- 40 हजार नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र मिला

टोहाना की राजनीति में बड़ा उलटफेर

पूर्व कांग्रेस नेता महंत बाबा भोलेनाथ भाजपा में शामिल, सीएम नायब सैनी ने दिलाई सदस्यता

- पटका पहनाकर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

टोहाना विधानसभा क्षेत्र की राजनीति में शुक्रवार को एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला। गांव धारसूल निवासी एवं वरिष्ठ सामाजिक, राजनीतिक चेहरा महंत बाबा भोलेनाथ ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कहकर भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया है। चंडीगढ़ स्थित मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें विधिवत रूप से पटका पहनाकर भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करवाई। करीब सात वर्षों तक कांग्रेस में सक्रिय रहने के बाद उनके भाजपा में शामिल होने से क्षेत्र के राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। उल्लेखनीय है कि महंत बाबा भोलेनाथ पिछले करीब सात वर्षों से टोहाना क्षेत्र में कांग्रेस की गतिविधियों, जनसंपर्क अभियानों और संगठनात्मक कार्यक्रमों में प्रमुखता से सक्रिय रहे हैं। वे टोहाना विधानसभा सीट से कांग्रेस की टिकट के मजबूत दावेदारों में भी गिने जाते थे। लंबे समय तक पार्टी संगठन को अपनी सेवाएं देने के बाद उन्होंने आखिरकार कांग्रेस छोडक़र अपनी नई राजनीतिक यात्रा शुरू करने का फैसला लिया। गत दिनों मीडिया से बातचीत करते हुए महंत बाबा भोलेनाथ ने कांग्रेस पार्टी छोडऩे की वजह अंदरूनी अंतर्कलह और भारी गुटबाजी को बताया था।



फतेहाबाद। भाजपा में शामिल होने पर महंत बाबा भोलेनाथ का स्वागत करते सीएम।

दीपावली की पूर्व संध्या पर लायंस क्लब रतिया सिटी ने बांटी मिठाइयां

रतिया। लायंस क्लब रतिया सिटी द्वारा दीपावली की पूर्व संध्या पर गांव खाई स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान क्लब सदस्यों ने छात्राओं को फल एवं मिठाइयां वितरित कीं, ताकि अपने परिवारों से दूर छात्रावास में रहकर शिक्षा ग्रहण कर रही जरूरतमंद छात्राएं भी दीपावली का पावन त्योहार हर्षोल्लास और आत्मीयता के साथ मना सकें। गौरतलब है कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की अनेक छात्राएं रहकर पढ़ाई कर रही हैं। विद्यालय में अभी आधारभूत सुविधाओं एवं इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कई आवश्यकताएं हैं, जिन्हें पूरा करने के लिए अब सामाजिक संस्थाएं आगे आ रही हैं। कार्यक्रम के दौरान क्लब सचिव सुखचरण दास अरोड़ा ने मिठाइयों की सेवा निभाई, जबकि वाइस प्रेसिडेंट शिव कुमार गर्ग ने छात्राओं के लिए ताजे फलों की व्यवस्था की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल ने छात्राओं के लिए जर्सियां, जूते एवं ओढऩे के लिए शॉल उपलब्ध करवाने का आग्रह किया। क्लब सदस्यों ने प्रिंसिपल की इस मांग को स्वीकार करते हुए जल्द से जल्द इसे पूरा करने का आश्वासन दिया।

- कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल में कार्यक्रम

जिले में 2,91,789 एमटी धान की खरीद

सिरसा। जिले की विभिन्न अनाज मंडियों में खरीद एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अब तक कुल 2,91,789 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 90,563 मीट्रिक टन, हैफेड ने 1,40,390 मीट्रिक टन तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 60,836 मीट्रिक टन धान की खरीद की है। वहीं, मंडियों से अब तक कुल 2,00,213 मीट्रिक टन धान का उठान किया जा चुका है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक हरवीर सिंह ने बताया कि धान खरीद प्रक्रिया के तहत अब तक कुल 37,971 किसान लाभान्वित हुए हैं। इनमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के माध्यम से 10,500, हैफेड के माध्यम से 21,297 तथा हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के माध्यम से 6,174 किसान शामिल हैं।

सीडीएलयू के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष नियुक्त हुए प्रो. रोहतास

सिरसा। चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय (सीडीएलयू), सिरसा के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार ने अर्थशास्त्र विभाग के प्रोफेसर प्रो. रोहतास को विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार उनकी नियुक्ति 8 नवंबर 2026 से तीन वर्ष के लिए प्रभावी होगी। प्रो. रोहतास को शिक्षण एवं शोध के क्षेत्र में व्यापक अनुभव है। वे वर्ष 2007 से विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। वर्ष 2021 में एसोसिएट प्रोफेसर और 3 दिसंबर 2024 को प्रोफेसर पद पर पदोन्नत हुए। उन्होंने वर्ष 2017 में सीडीएलयू से अर्थशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। ग्रामीण विकास, कृषि अर्थशास्त्र और मात्रात्मक तकनीकों में उनकी विशेष विशेषज्ञता है। उन्होंने कृषि, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, किसान कल्याण, फसल बीमा, वित्तीय समावेशन, महिला उद्यमिता, नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास जैसे विषयों पर व्यापक शोध किया है। उनके शोध में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, स्टैंड-अप इंडिया और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के आर्थिक एवं सामाजिक प्रभावों का अध्ययन भी शामिल है। शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में उनके योगदान का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उनके निर्देशन में चार शोधार्थी पीएचडी पूरी कर चुके हैं।


प्रो. रोहतास

कार्यक्रम | भूना में नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट 2026-27 में दिए नशामुक्ति के टिप्स

दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में युवाओं ने लिया नशामुक्त भारत बनाने का संकल्प

- विशेषज्ञों ने नशे के दुष्प्रभावों और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नुकसान की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में ब्लॉक भूना में नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट 2026-27 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य थीम नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत रही। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों, इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं तथा नशे से बचाव के बारे में विस्तार से जागरूक किया। जिला पीपीएम कोऑर्डिनेटर सुशील ने भी जागरूकता संबंधी जानकारी साझा की। कार्यक्रम के दौरान जिला युवा अधिकारी रीना केसरीया ने माय भारत की गतिविधियों एवं कार्यक्रम के उद्देश्यों से युवाओं को अवगत करवाया। वक्ता श्रुति ने माय भारत पोर्टल एवं युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम के साथ दीपावली स्नेह मिलन समारोह भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर युवाओं एवं स्वयंसेवकों ने आपसी भाईचारे और खुशियां बांटने का संदेश दिया। दीपावली के इस अवसर पर युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने परिवार और समाज के साथ स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही संदेश दिया गया कि त्योहारों की खुशियां नशे में नहीं, बल्कि अपनों के साथ और सकारात्मक सोच में हैं। युवाओं ने नशामुक्त भारत के निर्माण में सहयोग देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन मोना कुमारी, सरपंच एसोसिएशन के प्रधान मांगे राम, ढाणी सांचला के सरपंच राजेंद्र खटक, जिले सिंह, स्वयंसेवक लक्की, सुखदेव, अरुण व महावीर उपस्थित रहे।


फतेहाबाद। नेबरहुड यूथ पार्लियामेंट 2026-27 में आयोजित गतिविधियों में भाग लेते हुए युवा।

खबर संक्षेप

भोडिया खेड़ा का युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार

फतेहाबाद। एंटी नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद की टीम ने एक युवक को 11.11 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान नसीब उर्फ सीबू पुत्र राजेश निवासी गांव भोडिया खेड़ा, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक वेदपाल ने बताया कि एएसआई अजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम नशीले पदार्थों की तस्करी की रोकथाम के लिए गांव भोडिया खेड़ा क्षेत्र में गश्त पर तैनात थी। इसी दौरान आरोपी को नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया गया।

गहने चोरी करने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

फतेहाबाद। एक मकान से करीब 6 तोले सोने के आभूषण और चांदी के जेवरात चोरी होने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान हिमांशु उर्फ चासू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी डीएसपी रोड, लाजपत नगर, फतेहाबाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से अदालत के आदेशानुसार उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

गांजा व अवैध बंदूक मामले में आरोपी काबू

फतेहाबाद। शहर रतिया पुलिस ने भारी मात्रा में गांजा और अवैध बंदूक बरामदगी से जुड़े मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सूरजभान पुत्र ज्ञानी राम निवासी समालखा, जिला पानीपत के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया के प्रभारी उपनिरीक्षक प्रवीण ने बताया कि गश्त व चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रतिया से लाली रोड पर स्थित बड़ी नहर के पास घेराबंदी कर अमरजीत उर्फ भगत पुत्र पाला राम निवासी गांव पालसर, जिला फतेहाबाद को काबू किया था। पुलिस ने जब आरोपी के कब्जे में मौजूद प्लास्टिक कट्टे की तलाशी ली, तो उसमें से 25 किलो 940 ग्राम गांजा और एक अवैध टोपीदार मजल लोडिंग बंदूक बरामद हुई थी। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया था।

दीये, मोमबत्ती और दिवाली के आकर्षक कार्ड बनाकर सबका मन जीता

क्रेसंट स्कूल में दीपोत्सव के रंगों में निखरी विद्यार्थियों की प्रतिभा

- भारतीय संस्कृति, पारंपरिक कलाओं व त्योहारों के बारे में साथियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में दीपावली पर रंगोली बनाती छात्राएं।

क्रेसंट स्कूल, फतेहाबाद में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा, कलात्मक अभिरुचि एवं नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न आकर्षक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा पहली से पांचवीं तथा कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कला-कौशल, कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता का मनोहारी प्रदर्शन किया। कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने दीया एवं मोमबत्ती सज्जा, कक्षा दूसरी ने आकर्षक शुभकामना कार्ड निर्माण, कक्षा तीसरी ने कागज़ से दीये बनाने, कक्षा चौथी ने रंगोली सज्जा तथा कक्षा पाँचवीं के विद्यार्थियों ने मनमोहक वॉल हैंगिंग निर्माण प्रतियोगिता में अपनी कलात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। कक्षा नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों के लिए मेहंदी रचना, रंगोली निर्माण, तोरण सज्जा, दीया अलंकरण तथा बिना अग्नि के पाक-कला जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कक्षा 11वीं एवं बारहवीं के विद्यार्थियों ने भी कुकिंग विदाउट फायर, रंगोली निर्माण, दीया एवं तोरण निर्माण, ग्रीटिंग कार्ड निर्माण, मेहंदी रचना, वेस्ट टू बेस्ट तथा पोस्टर निर्माण जैसी विविध गतिविधियों में बढ़-चढ़कर सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक दक्षता, मौलिक विचारों एवं आकर्षक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भारतीय संस्कृति, पारंपरिक कलाओं और दीपावली के सांस्कृतिक वैभव को सजीव रूप प्रदान किया। इन गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी अंतर्निहित प्रतिभा निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण तथा अनुपयोगी वस्तुओं के रचनात्मक उपयोग की प्रेरणा भी मिली। प्रधानाचार्या ऋतु सिंधू ने विद्यार्थियों के उत्साह एवं रचनात्मक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ शिक्षा को आनंदमय बनाने के साथ-साथ बच्चों में कलात्मक चेतना, आत्मनिर्भरता, सहयोग एवं नवाचार के गुणों का विकास करती हैं। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को दीपावली के पर्व रोशनी का त्योहार है।



फतेहाबाद। पायनियर स्कूल में दीपावली उत्सव मनाते विद्यार्थी।

पायनियर कॉन्वेंट स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया दीपावली उत्सव

फतेहाबाद। पायनियर कॉन्वेंट स्कूल में दीपावली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में दीपावली उत्सव श्रृंखला के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए रंगोली प्रतियोगिता, दीया मेकिंग तथा थाली सजावट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हुए सुंदर एवं रंग-बिरंगी रंगोलियां बनाईं तथा आकर्षक ढंग से दीयों और पूजा की थालियों को सजाया। विशेष रूप से प्राथमिक एवं जूनियर विंग के नन्हे विद्यार्थियों ने दीया मेकिंग गतिविधि में बढ़-चढ़कर भाग लिया। दीपावली के अवसर पर आज विद्यालय में विशेष पूजा-अर्चना एवं आरती का आयोजन भी किया गया। सभी ने मिलकर मां लक्ष्मी एवं भगवान गणेश की आरती की तथा सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पूरा विद्यालय भक्तिमय एवं उत्सवमय वातावरण से सराबोर नजर आया। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विजय निर्मोही एवं प्रधानाचार्या गीतिका मेहता ने विद्यार्थियों के प्रयासों और रचनात्मकता की सराहना करते हुए सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं तथा सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का संदेश दिया।



सिरसा। दिवाली मेले में शॉपिंग स्ट्रीट पर उमड़ी भीड़।

दिवाली मेले में उमड़ा जनसैलाब

शॉपिंग स्ट्रीट पर हजारों लोगों ने की खरीददारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा।

- ध्वनि बैंड ने सूफियाना गीतों से बांधा समां, लाइव म्यूजिकल शो का लोगों ने उठाया लुत्फ

श्रीमत टेक्सवर्थ की ओर से डबवाली रोड पर विकसित की जा रही बहुमंजिला कमर्शियल-कम-रेजिडेंशियल मार्केट स्थित श्रीमत सिटी सेंटर में आयोजित दिवाली मेले में वीरवार को भीड़ के तमाम रिकॉर्ड टूट गए। ऐसा लगा मानो पूरा शहर ही शॉपिंग स्ट्रीट पहुंच गया हो। मेले के प्रत्येक स्टॉल पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शहरवासियों ने जहां विभिन्न उत्पादों की जमकर खरीदारी की, वहीं लजीज व्यंजनों का भी आनंद लिया। मेले में आयोजित म्यूजिकल शो में ध्वनि बैंड ने एमपी अटवाल की अगुवाई में शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। बैंड के कलाकारों ने सूफियाना गीतों से महफिल लूट ली। लाइव शो का लोगों ने खूब आनंद लिया और कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना की। इसके अलावा मिक्की माउस और गोरिल्ला ने बच्चों के साथ-साथ बड़ों का भी भरपूर मनोरंजन किया। मेले में फ्री कूपन के माध्यम से आयोजित लकी ड्रॉ में लोगों ने माइक्रोवेव-कम-एयर प्यूरीफायर, गारमेंट स्टीमर और जूसर-मिक्सर-ग्राइंडर जैसे आकर्षक उपहार जीते। वहीं, जन्मदिन मनाने पहुंचे युवाओं को श्रीमत सिटी सेंटर की ओर से उपहार देकर सम्मानित किया गया। श्रीमत टेक्सवर्थ के डायरेक्टर संजीव जैन एडवोकेट और माधव जैन ने मेले में उमड़े जनसैलाब और शहरवासियों से मिले शानदार रिस्पांस के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

श्री श्याम बगीची धाम में भजन संध्या पर भजनों की बही अमृतधारा, श्रद्धालु भावविभोर

- कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्ण लाल गर्ग ने सपरिवार पूजा-अर्चना कर किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। विशाल भजन संध्या में प्रस्तुति देती भजन गायक।

अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम में श्री शिव श्याम बगीची धाम चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से एकादशी के उपलक्ष्य में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। बाबा श्याम के भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में सराबोर होकर झूमते रहे। श्री श्याम बगीची धाम के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ शाम सवा सात बजे कृष्ण लाल गर्ग ने सपरिवार पूजा-अर्चना के साथ किया। मंदिर के पुजारी राकेश शास्त्री, धनंजय शुक्ला और हितेश शर्मा ने विधि-विधान से पूजा संपन्न करवाई। इसके बाद बाबा श्याम की पावन ज्योत प्रज्ज्वलित कर आरती की गई। भजन संध्या का आगाज राजेंद्र गनेरीवाला ने गणेश वंदना से किया। इसके बाद उन्होंने हनुमान चालीसा का पाठ किया और 'मेरी झोंपड़ी के भाग खुल जाएंगे राम आएंगे', 'हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं', 'खाटू वाले श्याम मेरी रखोगे लाज', 'भर दे श्याम झोली भर दे' और 'लहर-लहर लहराए रे झंडा बजरंग बली का' सहित अनेक भजनों की प्रस्तुति दी।

ओडिशा के पूर्व राज्यपाल ने पेश की मिसाल

पूर्व राज्यपाल गणेशीलाल ने 400 सफाई कर्मियों के साथ एक पंगत में किया भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

दीपावली महोत्सव के चौथे भव्य आयोजन के तहत रॉयल हवेली में परिवार मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल, उनके बेटे मनीष सिंगला और पौत्र लक्ष्य सिंगला ने शहर के करीब 400 सफाई कर्मचारियों को आमंत्रित कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। समारोह में सामाजिक समरसता और समानता की अनूठी मिसाल देखने को मिली, जब सिंगला परिवार ने सफाई कर्मचारियों के साथ एक ही पंगत में बैठकर भोजन किया और दीपावली की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम में सफाई कर्मचारियों को सम्मान देते हुए प्रो. गणेशीलाल ने कहा कि शहर को सुंदर, स्वच्छ और बीमारी मुक्त बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों का योगदान अतुलनीय है। वे हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उनके साथ बैठकर भोजन करना और त्योहार की खुशियां बांटना उनके लिए गर्व और सौभाग्य का क्षण है।



सिरसा। मंचासीन प्रो. गणेशीलाल व संबोधित करते हुए मनीष सिंगला।

सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना

समारोह को संबोधित करते हुए मनीष सिंगला ने सफाई कर्मचारियों और उनके परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दूतों के चेहरों पर आई मुस्कान ही दीपावली महोत्सव की सबसे बड़ी सफलता है। इस अवसर पर दीपावली, धनतेरस, अन्नकूट, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, गुरु पर्व और विश्वकर्मा जयंती की सामूहिक शुभकामनाएं भी दी गईं। आत्मीय सम्मान और स्नेह पाकर सफाई कर्मचारियों के चेहरे खिल उठे। शहर में सिंगला परिवार की इस पहल की सराहना की जा रही है।

सिरसा सांसद के सरकार पर उठाए सवाल

जनता को स्वच्छ हवा और सुरक्षित वातावरण देना सरकार की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा के विभिन्न शहरों में बढ़ते वायु प्रदूषण पर चिंता जताते हुए कहा कि जनता को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराना सरकारों की संवैधानिक और नैतिक जिम्मेदारी है। प्रदूषण के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब प्रदूषण के लिए पंजाब को जिम्मेदार ठहराया जाता था। आज दिल्ली में भाजपा की सरकार है और वह भी पंजाब की आप सरकार पर आरोप लगा रही है। सवाल यह है कि दोनों दलों ने अपने शासनकाल में प्रदूषण रोकने के लिए कितने प्रभावी और स्थायी कदम उठाए हैं। सैलजा ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में सत्ता संभालते समय प्रदूषण नियंत्रण और यमुना की सफाई के बड़े-बड़े वादे किए थे, लेकिन जनता आज भी उनके परिणामों की प्रतीक्षा कर रही है। केंद्र में करीब 12 वर्षों से भाजपा की सरकार है। उसे बताना चाहिए कि नदियों की सफाई और प्रदूषण नियंत्रण पर कितनी राशि खर्च हुई और उसका क्या परिणाम निकला। उन्होंने हरियाणा की जीवनदायिनी घग्गर नदी के प्रदूषण पर भी गंभीर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर घग्गर के पानी की गुणवत्ता और सिंचाई में उसके उपयोग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। सरकार औद्योगिक अपशिष्ट और दूषित पानी का नदी में प्रवाह रोकने के लिए ठोस कार्रवाई करे।

राज्यों की संयुक्त बैठक बुलाए सरकार



सांसद ने कहा कि गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित हरियाणा के अन्य शहरों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता बताती है कि प्रदूषण की समस्या केवल दिल्ली तक सीमित नहीं है। केंद्र, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब सरकारें तत्काल संयुक्त बैठक कर समयबद्ध कार्ययोजना बनाएं। प्रदूषण नियंत्रण पर खर्च का सार्वजनिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाए, लापरवाह अधिकारियों की जवाबदेही तय हो और हर सप्ताह प्रगति रिपोर्ट जारी की जाए।

अवैध अहाता चलाने वालों पर पुलिस सख्त विशेष अभियान चलाया जाएगा :एसपी

- चिकन कॉर्नर व रेहड़ीवाले पुलिस से रडार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

त्योहारों पर हुड़दंग बर्दाश्त नहीं करेंगे

एसपी दीपक सहारन ने कहा कि आमजन को सुरक्षित माहौल देना पुलिस की पहली प्राथमिकता है। सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर दूसरों के लिए परेशानी खड़ी करने वालों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है या सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग हो रहा है तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

दीपावली के त्योहार पर शांति व्यवस्था बिगाड़ने और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों की अब खैर नहीं है। सिरसा पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र में अवैध अहातों, चिकन कॉर्नर, कैफे और रेहड़ियों पर शराब पिलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करें। एसपी ने कहा कि ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत ऐसे स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए, जहां लोग सड़क किनारे गाड़ियां खड़ी कर शराब पीते हैं या सार्वजनिक जगहों पर महफिल सजाकर जाम छलकाते हैं। उन्होंने कहा कि होटल, ढाबों, चिकन कॉर्नर और रेहड़ियों पर अवैध रूप से शराब पिलाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर गाली-गलौज, शोर-शराबा और हुड़दंग करने वालों के खिलाफ संबंधित थानों में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी दीपावली के दौरान बाजारों, चौक-चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की विशेष टीमें तैनात रहेंगी। पीसीआर मोबाइल, राइडर लगातार गश्त करेंगी।

राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 5 दिसंबर तक आवेदन

सिरसा। महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2026-2027 के राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए पात्र महिलाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पुरस्कारों के तहत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। इन पुरस्कारों में सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार, लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी पुरस्कार, सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार और महिला उद्यमी पुरस्कार शामिल हैं। पात्र महिलाएं 5 दिसंबर तक विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर सकती है।

लोगों ने परिजनों को दी बधाई

एनडीए परीक्षा में मृत्युंजय कौशिक ने हासिल की ऑल इंडिया 244वीं रैंक

सिरसा। सिरसा के होनहार युवा मृत्युंजय कौशिक ने राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 244 हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिजनों और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है तथा उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं। मृत्युंजय के दादा बृजमोहन शर्मा शिक्षा विभाग में प्रिंसिपल के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनकी माता पायल शर्मा राजकीय माध्यमिक विद्यालय रामनगरिया में विज्ञान अध्यापिका के पद पर कार्यरत हैं, जबकि पिता गिरीश शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चामल में एबीआरसी के पद पर सेवाएं दे रहे हैं। मृत्युंजय की इस सफलता को उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन, लगन और परिवार के मार्गदर्शन का परिणाम माना जा रहा है। उनकी उपलब्धि ने क्षेत्र के युवाओं को भी रक्षा सेवाओं में करियर बनाने और लक्ष्य प्राप्ति के लिए निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी है। मृत्युंजय कौशिक ने अपनी सफलता का श्रेय परिजनों व शिक्षकों को दिया है।



मृत्युंजय कौशिक

आह्वान

बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने छात्रों को शपथ दिलवाई

हड़ौली राजकीय स्कूल में विद्यार्थियों को बाल विवाह के खिलाफ किया जागरूक

विवाह से पूर्व वर-वधू की आयु की जांच करना जरूरी, नहीं तो होगी कानूनी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल। फोटो : हरिभूमि

जिला में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 28 अक्टूबर से 21 दिसंबर तक चलाए जा रहे 100 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रमों की कड़ी में शुक्रवार को संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल द्वारा बालाजी स्कूल, ढाणी छतरियां तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल, हड़ौली में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। बाल विवाह निषेध अधिकारी रेखा अग्रवाल ने बताया कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई होने के साथ-साथ कानूनी अपराध भी है। विवाह से पूर्व वर-वधू की आयु की जांच करना बेहद जरूरी है। इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र अथवा स्कूल प्रमाण पत्र को आधार बनाया जाए तथा केवल आधार कार्ड के आधार पर आयु सत्यापित न की जाए। उन्होंने विवाह आयोजनों से संबंधित आयु प्रमाण पत्रों /जन्म प्रमाण पत्रों की एक-एक प्रति रिकॉर्ड में सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने बताया कि यदि कही बाल विवाह होने की जानकारी मिलती है या किसी विवाह में वर-वधु की आयु निर्धारित कानूनी आयु से कम पाई जाती है तो इसकी सूचना तुरंत नजदीक पुलिस स्टेशन, चौकी, एरिया की महिला सुपरवाइजर, हेल्पलाइन नंबर 112, 181 व 1098 तथा स्वयं बाल विवाह निषेध अधिकारी के फोन नंबर 8814011719 पर दी जा सकती है। बाल विवाह में किसी भी प्रकार से सहयोग करने पर कड़े कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

सामाजिक कुरीतियों को खत्म करेंगे

उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, मानसिक विकास और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह इस कुप्रथा को समाप्त करने में अपना योगदान दे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टाफ को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। सभी ने संकल्प लिया कि वे न तो बाल विवाह करेंगे और ना ही अपने आसपास बाल विवाह होने देंगे तथा इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का आह्वान किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 8295154800, 9315429403, 9253681005